Azadi Ka Amrit Mahotsav
केन्द्रीय भण्डारण निगम
(भारत सरकार का उपक्रम)
CENTRAL WAREHOUSING CORPORATION
(A Govt. of India Undertaking)
जन-जन के लिए भण्डारण/Warehousing for Everyone

No:टी°क्यू.सी/ विश्व खाद्य दिवस / 2021-22 दिनांक:-30.09.2021

क्षेत्रीय प्रबन्धक
केन्द्रीय भंडारण निगम ,
क्षेत्रीय कार्यालय ,
अहमदाबाद/बंगलोर/भोपाल/चेन्नई/चंडीगढ़/दिल्ली/गुवाहाटी/हैदराबाद/जयपुर/कोलकाता/कोच्चि / लखनऊ/ मुंबई/पटना

विषय:- विश्व खाद्य दिवस आयोजित करने के संबंध में |

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि विगत वर्षो कि तरह इस वर्ष भी संयुक्त राष्ट्र संघ (एफ़.ए.ओ) के तत्वाधान मे विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर 2021 को मनाया जा रहा है |

इस वर्ष विश्व खाद्य दिवस का थीम है " हमारे कार्य हमारा भविष्य है – बेहतर उत्पादन , बेहतर पोषण, बेहतर वातावरण और बेहतर जीवन" |Our actions are our future- Better production, better nutrition, a better environment and a better life".

जो भोजन हम चुनते हैं और जिस तरह से हम उसका सेवन करते है वह हमारे स्वास्थ्य और हमारे ग्रह के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है |कृषि-खाद्य प्रणालियो के काम करने के तरीके पर इसका प्रभाव पड़ता है |

सक्षम अधिकारी के अनुमोदन से आपसे यह अनुरोध है कि इस वर्ष भी सभी क्षेत्रीय कार्यालयो के अंतर्गत आने वाले भंडारगृहो में निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये |

- क्षेत्रीय कार्यालय एवं विभिन्न भंडरगृह प्रबन्धकों द्वारा दूरदर्शन , आकाशवाणी , स्थानीय समाचार पत्र/पत्रिकाएँ अथवा प्रचार के अन्य माध्यमों से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाये।
- इस वर्ष भी कोविड- 19 की महामारी को देखते हुये गणमान्य अधिकारियों को आमंत्रित करना/कार्यशाला आदि कार्यक्रम स्थगित किए गए है |

इसके अतिरिक्त अखिल भारतीय स्तर पर उपरोक्त थीम पर 300 शब्दो मे हिन्दी या इंग्लिश भाषा मे एक निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है | सभी प्रतियोगी अपने निबंध को ईमेल wfd.16102021@gmail.com के माध्यम से भेजे |

प्राप्त निबंधो का मूल्यांकन एक एक्सपर्ट कमेटी के माध्यम से किया जाएगा जिसमे स्वयं के विचारो को अभिव्यक्त करने को प्राथमिकता दी जाएगी | प्रतियोगिता मे प्रथम पाँच आने वाले प्रतिभागियो को नगद अथवा उपहार वाउचर के रूप मे क्रमश: प्रथम (रु. 4000/-), द्वितीय पुरस्कार (रु. 3000/-), तृतीय (रु. 2000/-), एवं दो सांत्वना (रु. 1500/-), पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा |निंबन्ध प्राप्ति की अंतिम तारीख 07.10.2021 है | इसके पश्चात प्राप्त होने वाले निंबन्ध पर कोई विचार नहीं किया जायेगा | CRWC के कर्मचारी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते है |

निगमित का०: 4/1, सीरी इंस्टीट्यूशनल एरिया,अगस्त क्रांति मार्ग, हौज़ खास,नई दिल्ली-110016
CO: 4/1, Siri Institutional Area, August Kranti Marg, Hauz Khas, New Delhi-110016 ☎ 011-26566107/208, ई-मेल–
hodtech.cwc@cewacor.nic.in

आपसे अनुरोध है कि आपके अधीनस्थ इच्छुक आधिकारियों / कर्मचारियो एवम भंडारगृहो में कार्यरत स्टाफ को अधिक से अधिक संख्या मे निंबन्ध भेजने के लिए प्रेरित करे तथा यह भी सुनिशचित करे कि निंबन्ध के **किसी पेज पर निंबन्ध लिखने वाले का नाम , पद व हस्ताक्षर नहीं होना चाहिए** एवम विश्व खाद्य दिवस पर उपरोक्त गाइडलाइंस के आधार पर अपने-अपने क्षेत्रो में समारोह आयोजित करे तथा उनके समापन पर प्रबंधन के अप्रैजल हेतु रिपोर्ट प्रेषित करे |

सभी भंडारगृह प्रबन्धको को इस पत्र कि प्रतिलिपि उपलब्ध करवाए तथा अपने अधीनस्थ इच्छुक आधिकारियों / कर्मचारियो को इस विषय मे अवगत करना सुनिक्षित करे |

Digitally signed by Kunal Sridhar
Date: 2021.09.30 20:38:52 +05'30'

वरिष्ठ सहायक प्रबंधक (पी.सी.एस एवं तकनीकी)
कृते विभागाध्यक्ष (पी.सी.एस एवं तकनीकी)

प्रतिलिपि:

1. सभी विभागाअध्यक्ष केन्द्रीय भंडारण निगम, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने अधीनस्थ इच्छुक आधिकारियों / कर्मचारियो को सूचित करे ताकि इच्छुक प्रतिभागी निबंध प्रेषित कर सके I

2. समूह महाप्रबन्धक केन्द्रीय भंडारण निगम (प्रणाली), निगमित कार्यालय को इस अनुरोध के साथ कि इस पत्र को सीडबल्यूसी की वैबसाइट पर व्यापक प्रचार हेतु अपलोड करवाये I

3° प्रबंध निदेशक के निजी सचिव / निदेशक (एम एंड सी.पी) के निजी सचिव / निदेशक (कार्मिक) के निजी सचिव, केन्द्रीय भंडारण निगम, निगमित कार्यालय, नई दिल्ली I

4. प्रबंध निदेशक के AM (Sectt.), सीआरडब्लूसी, नई दिल्ली |